# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/शालादर्पण/2018–19

दिनांक : 23.08.2018

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(माध्यमिक–प्रथम/द्वितीय)

विषयः सत्र 2018–19 हेतु छात्रवृत्तियों के वितरण से पूर्व शालादर्पण पर विद्यार्थी का 100 प्रतिशत आधार नम्बर एवं भामाशाह नम्बर अपलोड करना एवं विद्यार्थी का बैंक खाते आधार एवं भामाशाह से सीडेड करवाने के सम्बन्ध में।

प्रसंगः इस कार्यालय का पत्र क्रमांक : शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/शालादर्पण/2018–19 दिनांक : 17.04.2018, .05.2018,21.06.2018 एवं 01.08.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के सम्बन्ध में लेख है कि इस कार्यालय द्वारा समस्त संस्था प्रधानों को विभिन्न छात्रवृत्तियों हेतु शालादर्पण पोर्टल पर गत सत्र 2017–18 में अपलोड किए गए प्रस्तावों से सम्बन्धित त्रुटियों/कमियों जैसे विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति से वंचित रहने के प्रमुख कारण यथा वांछित सूचनाओं का न होना या फिर गलत होना, भामाशाह कार्ड नम्बर /भामाशाह रजिस्ट्रेशन नम्बर, आधार नम्बर/आधार एनरोलमेन्ट नम्बर, बैंक खाता, बैंक का आई.एफ.एस.सी.कोड सम्बन्धी विवरण, विद्यार्थियों के बैंक खाता भामाशाह नम्बर से मेपिंग नहीं होने एवं शालादर्पण पर अपलोड नहीं होने के कारण उक्त समस्त अथवा अन्य कोई कारण जिसके अभाव में छात्रवृत्ति दिया जाना लम्बित है आदि को त्रुटिमुक्त करने हेतु निदेशक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया था साथ ही वर्तमान सत्र 2018–19 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के डाटा भी उपरोक्तानुसार सही कर अपलोड करवाने के निर्देश भी प्रदान किए जाने के उपरांत भी आपके जिले से सम्बन्धित शालादर्पण रिपोर्ट में विद्यार्थियों के आधार एवं भामाशाह नम्बर के अपलोड एवं बैंक खाते से सीडेड करवाने की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई है जिसे निदेशक महोदय द्वारा गंभीरता से लिया गया है।

उपर्युक्त क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि शाला दर्पण पोटल पर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों के लिए सत्र 2018–19 के आवेदन शीघ्र ही आरंभ किए जाने हैं। अतः आप अपने अधिनस्थ संस्थाप्रधानों को आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिनांक 30.08.2018 तक आवश्यक रूप से शतप्रतिशत आधार एवं भामाशाह नम्बर शालादर्पण पर अपलोड करवाना साथ ही आधार एवं भामाशाह को बैंक खाते से शतप्रतिशत सीडेड/लिंक करवाना सुनिश्चित करें, उपर्युक्त कमियों के कारण विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रहते हैं तो इसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी।

संलग्न : शालादर्पण पर आधार/भामाशाह प्रगति रिपोर्ट

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि :

1. समस्त उप–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
2. सिस्टम एनालिस्ट, माध्यमिक शिक्षा को आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

शालादर्पण रिपोर्ट में विद्यार्थियों के आधार एवं भामाशाह नम्बर अद्यतन स्थिति दिनांकः–23.08.2018

| क.सं. | जिला | विद्यालय में कुल विद्यार्थी | आधार प्रविष्टि | आधार प्रविष्टि (% में) | भामाशाह प्रविष्टि | भामाशाह प्रविष्टि (% में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AJMER | 193752 | 147404 | 76.08 | 78517 | 40.52 |
| 2 | ALWAR | 220018 | 168013 | 76.36 | 84946 | 38.61 |
| 3 | BANSWARA | 195905 | 146985 | 75.03 | 66515 | 33.95 |
| 4 | BARAN | 93172 | 67825 | 72.80 | 39769 | 42.68 |
| 5 | BARMER | 250137 | 179499 | 71.76 | 95329 | 38.11 |
| 6 | BHARATPUR | 164893 | 110615 | 67.08 | 48636 | 29.50 |
| 7 | BHILWARA | 191711 | 144289 | 75.26 | 80816 | 42.16 |
| 8 | BIKANER | 167267 | 117128 | 70.02 | 50599 | 30.25 |
| 9 | BUNDI | 90335 | 67091 | 74.27 | 41323 | 45.74 |
| 10 | CHITTAURGARH | 113871 | 86435 | 75.91 | 51419 | 45.16 |
| 11 | CHURU | 159881 | 122500 | 76.62 | 54577 | 34.14 |
| 12 | DAUSA | 117642 | 90613 | 77.02 | 62586 | 53.20 |
| 13 | DHAULPUR | 115244 | 83051 | 72.07 | 52157 | 45.26 |
| 14 | DUNGARPUR | 155832 | 115903 | 74.38 | 60157 | 38.60 |
| 15 | GANGANAGAR | 127992 | 103357 | 80.75 | 55380 | 43.27 |
| 16 | HANUMANGARH | 122495 | 94598 | 77.23 | 49102 | 40.08 |
| 17 | JAIPUR | 271673 | 205300 | 75.57 | 118771 | 43.72 |
| 18 | JAISALMER | 55475 | 38106 | 68.69 | 16875 | 30.42 |
| 19 | JALOR | 147519 | 99671 | 67.56 | 46489 | 31.51 |
| 20 | JHALAWAR | 120157 | 92250 | 76.77 | 53008 | 44.12 |
| 21 | JHUNJHUNUN | 105187 | 76425 | 72.66 | 37713 | 35.85 |
| 22 | JODHPUR | 221222 | 152843 | 69.09 | 66791 | 30.19 |
| 23 | KARAULI | 96473 | 63739 | 66.07 | 37515 | 38.89 |
| 24 | KOTA | 94040 | 67788 | 72.08 | 37955 | 40.36 |
| 25 | NAGAUR | 209003 | 147689 | 70.66 | 77665 | 37.16 |
| 26 | PALI | 149124 | 113182 | 75.90 | 64779 | 43.44 |
| 27 | PRATAPGARH | 86237 | 61559 | 71.38 | 37403 | 43.37 |
| 28 | RAJSAMAND | 94982 | 72730 | 76.57 | 32487 | 34.20 |
| 29 | S.MADHOPUR | 88133 | 66127 | 75.03 | 35925 | 40.76 |
| 30 | SIKAR | 152817 | 116196 | 76.04 | 55360 | 36.23 |
| 31 | SIROHI | 89220 | 66103 | 74.09 | 39733 | 44.53 |
| 32 | TONK | 99026 | 74916 | 75.65 | 45966 | 46.42 |
| 33 | UDAIPUR | 247863 | 183734 | 74.13 | 91720 | 37.00 |
| | **TOTAL** | **4808298** | **3543664** | **73.70** | **1867983** | **38.85** |

www.rajteachers.com